दैनिक जागरण 14/08/2025

# रैगिंग विरोधी पोस्टर प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लिया



जीएमएन कालेज में पोस्टर प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले विद्यार्थी।

अंबाला (विज्ञप्ति) :गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज, अंबाला कैंट के रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ ने पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। डा. मंजीत कौर ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कालेज परिसर में सौहार्दपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देना और रैगिंग जैसी अमानवीय एवं अवैध गतिविधियों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना है। छात्रों ने रैगिंग के विरुद्ध कड़े संदेश देने वाले प्रभावशाली पोस्टरों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस दौरान बृजेश कुमार, डा. एसके पांडे, डा. अमिता, डा. रवनीत कौर, डा. सरोज बाला आदि मौजूद रहे।